प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.08.2025 (सुबह 10:13 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश आज मना रहा है 79वां स्वतन्त्रा दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से फहराया राष्ट्रीय ध्वज, कहा– भारतीय सेना ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे दी सजा।
2. रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया झंडोतोलन, सशत्र बल संयुक्त परेड का किया निरीक्षण, उपराजधानी दुमका में प्रमंडलीय आयुक्त ने फहराया झंडा।
3. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा –देश वर्ष 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर।
4. मौसम विभाग ने 17 अगस्त तक राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई संभावना।
5. रांची में सीबीएससी क्लस्टर–थ्री एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता शुरू, खेल निदेशक ने कहा – खेल और शिक्षा के संगम से विद्यार्थियों को मिलेगी सफलता।

*********************

आज देश 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। लाल किले से देश को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी का यह पर्व सामूहिक सिद्धियों और गौरव का पर्व है। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी है।

*********************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में सुबह नौ बजे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होनें सशत्र बल संयुक्त परेड का निरीक्षण भी किया। इधर राज्यपाल संतोष गंगवार का संबोधन आज शाम सात बजे जनता के नाम प्रसारित होगा। इस वजह से आज सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा। इधर, उपराजधानी दुमका में प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने झंडोतोलन किया।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में, राष्ट्रपति मुर्मू ने इसका श्रेय सामाजिक क्षेत्र की पहलों के साथ–साथ सर्वांगीण आर्थिक विकास को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से निर्णायक और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया।

*********************

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखण्ड समेत देश भर में पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा एवं सुधार सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता एवं सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। झारखण्ड के कोल्हान प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। श्री किस्पोट्टा ने यह सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की है।

*********************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के समापन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य सिर्फ इसे फहराना नहीं है बल्कि इसे दिलों में उतारना है।

*********************

झारखण्ड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा। यह 28 अगस्त तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस सत्र में चार कार्य दिवस होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण मानसून सत्र स्थगित कर दिया गया था।

*********************

गोड्डा जिले के शहरी क्षेत्र में अपराध की रोकथाम और अपराध करने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने 10 बाइक सवार मोबाइल टाइगर जवानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री कुमार ने बताया कि अब मोबाइल टाइगर के जवान न सिर्फ पेट्रोलिंग करेंगे बल्कि जरूरत पड़ने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई भी करेंगे।

*********************

धनबाद शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ने वाले गया पुल अंडरपास की मरम्मत के दौरान अब पहले नालियों की मरम्मत की जाएगी।

*********************

भारतीय रिज़र्व बैंक—आरबीआई चेक क्लियरेंस के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करेगा जिससे चेक प्रस्तुत होने के कुछ ही घंटों के भीतर उनकी जांच और निपटान हो सकेगा। इससे वर्तमान क्लियरिंग अवधि में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह परिवर्तन दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला चरण 4 अक्टूबर, 2025 से और दूसरा चरण 2 जनवरी, 2026 से शुरू होगा।

*********************

मौसम विभाग ने 17 अगस्त तक राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया है कुछ जगहों पर आंधी चलने और वज्रपात होने की भी आशंका है।

*********************

रांची स्थित विकास विद्यालय में सीबीएससी क्लस्टर थ्री एथलेटिक्स मीट का कल उद्घाटन किया गया। खेल निदेशक शेखर जमुआर ने इस मीट का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल और शिक्षा के संगम से विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखण्ड और बिहार के सौ से अधिक स्कूलों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां—

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने स्वतंत्रता दिवस से संबंधित खबरों को प्रमुखता से छापा है।

दैनिक जागरण ने लिखा है—झारखंड को पांच वीरता पदक, एक विशिष्ट सेवा पदक और ग्यारह सराहनीय सेवा पदक मिले।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं— जल से नभ तक शक्ति—समृद्धि बढ़ी।

प्रभात खबर ने लिखा है—रामगढ़ के नेमरा में आज दिशोम गुरू का दशकर्म, संस्कार भोज सोलह को।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है—पतरातू थर्मल पावर प्लांट से आठ सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू।

***************